
Accelerate

safe zindagi
raho sexy & healthy

# प्रेप पर बराबर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू)




USAID FROM THE AMERICAN PEOPLE
PEPFAR
NACO National AIDS Control Organisation India's Voice against AIDS Ministry of Health & Family Welfare, Government of India www.naco.gov.in
Accelerate
JOHNS HOPKINS SCHOOL of MEDICINE
Y.R.G.CARE
THE FENWAY INSTITUTE
blue lotus
safe zindagi raho sexy & healthy

# एफएक्यू

| विषय | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| प्रेप को जानिए | प्रेप क्या है? | प्रेप यदि ठीक ढंग से लिया जाए तो सेक्स से एचआईवी संक्रमण होने का खतरा 90% तक कम हो जाता है।<br>अध्ययन से पता चलता है कि इंजेक्शन द्वारा नशा लेने वालों में प्रेप के प्रयोग से एचआईवी का जोखि़म 70% तक कम हो जाता है।<br>अगर नियमित रूप से लिया जाय तो प्रेप एचआईवी के प्रति उच्च स्तर की सुरक्षा प्रदान करता है।<br>लेकिन फिर भी कॉन्डोम का इस्तेमाल सेक्स से होने वाले संक्रमण जैसे सिफलिस और गोनोरिया से सुरक्षा के लिए ज़रूरी है।<br>प्रेप गर्भधारण से सुरक्षा नहीं प्रदान करता।<br>7 दिनों तक लगातार प्रेप लेने के बाद गुदा मैथुन से सुरक्षा मिलती है, और सुई से नशा करने वालों और योनि मैथुन के मामले में 21 दिनों बाद प्रभावी सुरक्षा मिलती है। |
| | प्रेप कैसे काम करता है? | प्रेप शरीर में एचआईवी की प्रतिकृति बनने से रोकता है, जिससे एचआईवी संक्रमण को रोकने में मदद मिलती है। |
| | प्रेप किसे लेना चाहिए? | आप एचआईवी जोखिम पर हो सकते है और प्रेप ले सकते हैं, अगर :<br>ए : आपने पिछले छः महीनों के दौरान योनि या गुदा मैथुन किया है और :<br>• कई सेक्स पार्टनर हैं<br>• हमेशा कॉन्डोम का प्रयोग नहीं करते<br>• सेक्स पार्टनर को एचआईवी है (उसका वायरल लोड ज्ञात/अज्ञात है)<br>• पिछले छः महीनों में सेक्स संचारी रोग का पता चला है<br>• पिछले साल पोस्ट एक्सपोज़र प्रोफॉयलेक्सिस (पीईपी) लिया है<br>• एचआईवी पॉज़िटिव सेक्स पार्टनर से गर्भवती होना चाहती हैं<br>बी : आप इंजेक्शन से नशा (पीडब्लूआईडी) करते/करती हैं और :<br>• आप एचआईवी वाले व्यक्ति के साथ इंजेक्शन साझा करते/करती हैं<br>• नशे का इंजेक्शन लेने के लिए सुई, सिरिंज या दूसरे उपकरण साझा करते/करती हैं |
| | प्रेप के दुष्प्रभाव | अन्य दवाओं की तरह प्रेप का भी हल्का और अस्थाई दुष्प्रभाव हो सकता है<br>**सामान्य दुष्प्रभाव :**<br>• अतिसार, मिचली या सिरदर्द – ये लक्षण आमतौर पर कुछ हफ्तों में चले जाते है<br>• अगर खाने के साथ या सोते समय दवा ली जाये तो इससे बचा जा सकता है |

| | |
|---|---|
| | कम पाये जाने वाले दुष्प्रभाव, जिन्हें दूर किया जा सकता है; इसमें शामिल हैं :<br>• किडनी की घटी हुई कार्यशीलता – यह ज़रूरी है कि प्रदाता के साथ फॉलो–अप भ्रमण के दौरान किडनी की कार्यदक्षता की मॉनीटरिंग की जाय।<br>• हड्डी का घनत्व (बोन डेन्सिटी) – कुछ मामलों में प्रेप बोन मिनरल डेन्सिटी (हड्डी की ताक़त) को कम कर सकती है। |
| | जब प्रेप लेना बंद किया जाता है, तो ये लक्षण चले जाते हैं। |
| | अगर आप प्रेप लेने के कारण कोई दुष्प्रभाव महसूस कर रहे/रही हैं, तो कृपया अपने डॉक्टर से तुरंत सलाह लें। |
| प्रेप के लिए परामर्शित डोज़ | कृपया अपने डॉक्टर से सलाह लें। |
| | प्रशिक्षित डॉक्टर आपके लिए दवा का सही डोज़ निर्धारित करेगा। |
| प्रेप बंद करना | प्रेप का प्रयोग बंद करने या दुबारा शुरू करने से पहले अपने डॉक्टर से बात करें। आप प्रेप तब तक ले सकते हैं, जब तक आपको एचआईवी का जोखिम है। |
| | एचआईवी के संपर्क में आने के बाद 28 दिनों तक प्रेप ली जानी चाहिए। |
| क्या प्रेप केवल एचआईवी रोकने के लिए है या फिर यह यौन संचारी संक्रमण भी रोकती है? | प्रेप केवल एचआईवी रोकने के लिए ही प्रभावी है। |
| | प्रेप यौन संचारी संक्रमण/यौन संचारी रोग जैसे सिफलिस, गोनोरिया, हेपेटाइटिस–बी, हेपेटाइटिस–सी या चमीडिया से सुरक्षा प्रदान नहीं करता। |
| | यौन संचारी संक्रमण (एसटीआइ) रोकने का सर्वोत्तम तरीका कॉन्डोम का नियमित इस्तेमाल है। |
| क्या मुझे प्रेप का प्रयोग करने के दौरान भी कॉन्डोम का इस्तेमाल करना चाहिए? | हां। इस बात की प्रबल अनुशंसा की जाती है, कि आप एचआईवी और एसटीआइ से अतिरिक्त सुरक्षा के लिए कॉन्डोम का प्रयोग करें, जब तक कि आप गर्भवती न होना चाहती हों। |
| मैं प्रेप का प्रयोग कर रहा/रही हूं। क्या मुझे अब भी एचआईवी की नियमित जांच करवानी चाहिए? | जी हां! प्रेप केवल एचआईवी से तभी सुरक्षा देती है जब टैबलेट रोज़ाना ली जाय। |
| | एचआईवी संक्रमण का थोड़ा खतरा रहता है, इसलिए जब प्रेप पर हों तो प्रत्येक 3 महीने पर एचआईवी टेस्ट करवा लेना चाहिए। |
| | यदि आप प्रेप लेते हुए एचआईवी पॉज़िटिव होते/होती हैं, तो आपको एचआईवी का उपचार अपने डॉक्टर की मदद से यथाशीघ्र शुरू कर देना चाहिए। |

| | | |
|---|---|---|
| | प्रेप और पेप में क्या अंतर है? | प्रेप (प्री–एक्सपोज़र प्रोफाइलेक्सिस) एचआईवी निगेटिव लोगों द्वारा एचआईवी से बचाव के लिए प्रतिदिन लिया जाता है। |
| | | पेप (पोस्ट–एक्सपोज़र प्रोफाइलेक्सिस) ऐसे लोगों में संक्रमण रोकने के लिए है जो एचआईवी पॉजिटिव के संपर्क में आए हों। |
| | | पेप आपातकालीन स्थितियों के लिए है, और संभावित संक्रमण के 3 दिनों के भीतर अवश्य ले लेना चाहिए। |
| **प्रेप लेना** | प्रेप कैसे ली जाय? | प्रेप केवल एक प्रशिक्षित डॉक्टर की निगरानी में ही ली जानी चाहिए। |
| | | आपका डॉक्टर ही यह तय करेगा कि आप प्रेप के लिए पात्र हैं या नहीं और फिर पर्चा लिखेंगे। |
| | प्रेप मुझे कहां से मिल सकती है? | जब प्रशिक्षित डॉक्टर आपको प्रेप का पर्चा लिख देते हैं, तो आप प्रेप को दवा की दुकान से प्राप्त कर सकते/सकती हैं। |
| | | आप प्रेप को ऑनलाइन भी खरीद सकते/सकती हैं। |
| | | प्रेप के लिए यहां रजिस्टर करें (https://prep.yes4me.net/). |
| | मैं प्रेप सेफ ज़िन्दगी (येस4मी) से कैसे लूं? | प्रेप शुरू करने के लिए आपको डॉक्टर का लिखा पर्चा चाहिए। |
| | | सेफ ज़िन्दगी (येस4मी) आपको प्रेप का पर्चा लिखवाने के लिए डॉक्टर खोजने में मदद कर सकता है। |
| | | https://prep.yes4me.net/ |
| | | सभी परामर्श ऑनलाइन और मुफ्त हैं। |
| **दवा लेते रहना** | क्या मुझे प्रेप रोज़ लेनी होगी? | हां, एक टैबलेट रोज़, जब तक कि आपका डॉक्टर आपके जोखिम का आकलन करके इसे बंद करने को न कहे। |
| | प्रेप मुझे कितने दिन लेनी होगी? | जब तक आपको एचआईवी का जोखिम है तब तक प्रेप लेनी चाहिए। |
| | | अगर आपके एचआईवी जोखिम में परिवर्तन आता है, तो आपको अपने डॉक्टर से प्रेप बंद किये जाने के बारे में बात करनी चाहिए। |
| | सेक्स करने के कितने दिनों पहले मुझे प्रेप लेनी चाहिए? | गुदा मैथुन के मामले में प्रतिदिन प्रेप लेने के 7 दिनों बाद आपके शरीर में प्रतिरक्षा के लिए पर्याप्त दवा होती है। |
| | | योनि सेक्स और इंजेक्शन से नशीली दवाएं लेने के मामले में 21 दिन तक प्रतिदिन दवा लेने के बाद प्रतिरक्षा मिलती है। |
| | | और, प्रेप को संभावित संक्रमण के 28 दिनों तक जारी रखना चाहिए। |

| | | |
|---|---|---|
| विशेष परिस्थितियां | प्रतिदिन सेक्स न करने के बावजूद क्या मुझे प्रेप प्रतिदिन लेनी चाहिए? | हां, आपको प्रतिदिन एक गोली लेनी चाहिए, भले ही आप सेक्स रोज़ न करें। |
| | | जोखिम लेने के कम से कम 28 दिन बाद तक। |
| | अगर मैं प्रेप डोज़ भूल जाऊं तब क्या होगा? | अगर एक डोज़ छूट गई, तो जब भी आपको याद आता है, तो प्रेप ले लें। |
| | | अगर गलती से दो खुराक ले ली हैं तो कोई बात नहीं, अगली बार सिर्फ एक गोली लें। |
| | क्या एचआईवी वाले लोग भी प्रेप ले सकते हैं? | नहीं, प्रेप एचआईवी वाले लोगों के लिए प्रभावी नहीं है। |
| | | यदि प्रेप प्रयोगकर्ता को एचआईवी निकलता है, तो एचआईवी के लिए उपचार शुरू करना चाहिए। |
| | क्या मैं प्रेप लेने के साथ नशीली दवाएं और शराब भी ले सकता/सकती हूं? | हां, प्रेप लेने के साथ नशीली दवाएं और शराब भी ली जा सकती है। |
| | क्या गर्भावस्था या स्तनपान के दौरान प्रेप लेना सुरक्षित है? | प्रेप लेना गर्भावस्था और दूध पिलाने वाली महिलाओं के लिए सुरक्षित है। |
| | | प्रेप गर्भावस्था या दूध पिलाने के दौरान शुरू की जा सकती है या जारी रखी जा सकती है। |
| | क्या गर्भनिरोधकों के इस्तेमाल के दौरान प्रेप ली जा सकती है? | हां, प्रेप और गर्भनिरोधक एक साथ इस्तेमाल किये जा सकते हैं। |
| | क्या हार्मोन्स लेने के दौरान प्रेप लिया जा सकता है? | हां, प्रेप जेन्डर हार्मोन्स लेने के दौरान लेना सुरक्षित है। |
| | क्या अवसाद–रोधी दवा लेने के दौरान प्रेप लिया जा सकता है? | हां, आप प्रेप को सुरक्षित रूप से अवसाद–रोधी दवा के साथ ले सकते हैं। |

## सेफ ज़िन्दगी (येस4मी) पर प्रेप के बारे में :

| | | |
|---|---|---|
| सेफ ज़िन्दगी (येस4मी) के बारे में | सेफ ज़िन्दगी (येस4मी) क्यों? | सेफ ज़िन्दगी (येस4मी) पर हम आपको आपकी पूरी प्रेप यात्रा में मदद करना चाहते हैं। |
| | | अपने प्लेटफार्म के माध्यम से हम आपको प्रशिक्षित ऑनलाइन परामर्शदाता से जोड़ते हैं, आपकी चिंताओं और प्रश्नों के उत्तर देते है और डॉक्टर से ऑनलाइन ऍपाइंटमेंट बुक कराते हैं।<br>दूर से ही आप प्रेप प्रिस्क्रिप्शन के बारे में बात करें या फिर अपनी पसंद के डॉक्टर से ऍपाइंटमेंट लेने के लिए हमारे डेटाबेस को ब्राउज़ करें। |


## सेफ ज़िन्दगी (येस4मी) पर प्रेप के बारे में :


| | | |
|---|---|---|
| | | हमारे डेटाबेस में मौजूद हमारे डॉक्टरों को अनिर्णयकारी व प्रेप देखभाल पर संपूर्ण सलाह देने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। |
| | | डॉक्टर का पर्चा मिल जाने के बाद हम अपनी ऑनलाइन फार्मेसी के ज़रिए दवा आपके घर तक पहुंचाएंगे। या फिर, आप स्थानीय तौर पर अपनी पसंद की फार्मेसी से यह दवा ले सकते/सकती हैं। |
| | प्रेप शुरू करने की प्रक्रिया | डॉक्टर का पर्चा लेने से पहले आपका वर्चुअल परामर्शदाता आपको प्रक्रिया के बारे में बताएंगे। |
| | | प्रेप शुरू करन से पहले वह डॉक्टर की सलाह के अनुसार लैब से आपके टेस्ट के लिए ऍपाइंटमेंट लेंगे। |
| | | अनिवार्य टेस्ट हैं : एचआईवी, हेपेटाइटिस, सिफलिस और क्रिएटिनिन। |
| | | टेस्ट की रिपोर्ट आ जाने पर और अगर आप एचआईवी निगेटिव हैं, तो वर्चुअल काउंसलर प्रेप चिकित्सा शुरू करने के लिए एक प्रशिक्षित डॉक्टर से ऍपाइंटमेंट लेंगे। |
| | | सहमति देने के बाद आपको डॉक्टर का पर्चा मिल जायेगा। वर्चुअल काउंसलर पर्चे को फार्मेसी में भेजने में मदद करेगा और भुगतान के बाद दवा आपको कूरियर के माध्यम से भेज दी जायेगी। |
| | | सेफ ज़िन्दगी प्लेटफार्म पर भी टेस्ट और इलाज सस्ती दर (>50%) पर उपलब्ध हैं। |





USAID FROM THE AMERICAN PEOPLE · PEPFAR · JOHNS HOPKINS SCHOOL of MEDICINE · Accelerate · Y.R.G.CARE · THE FENWAY INSTITUTE · blue lotus


PrEP
क्या है?
PrEP ( प्री-एक्सपोज़र प्रोफिलैक्सिस)
एक दवा है
इस दवा को लेने से
HIV इन्फेक्शन से बचा जा सकता है
PrEP लेने पर, HIV होने की
संभावना 90% तक कम हो जाती है
USAID FROM THE AMERICAN PEOPLE
PEPFAR
JOHNS HOPKINS SCHOOL of MEDICINE
Accelerate
YRG CARE
THE FENWAY INSTITUTE
blue lotus


Who should be on
PrEP?
Consider PrEP if you are HIV negative and have any of the following:
A sexual partner with HIV (with unknown or detectable viral load).
Not consistently used a condom.
Multiple partners.
Had an STI in the last 6 months.
Shared needles, syringes, or other equipment to inject drugs.
Repeatedly used PEP (post exposure prophylaxis) in past few months.
A partner with HIV and are considering getting pregnant.
To know more, visit us at https://prep.yes4me.net/ or call us at 91-8287122191/91-8287127978
USAID FROM THE AMERICAN PEOPLE
PEPFAR
JOHNS HOPKINS SCHOOL of MEDICINE
Accelerate
YRG CARE
THE FENWAY INSTITUTE
blue lotus


How do I start
PrEP
Consult a doctor before starting PrEP.
Get tested for HIV (You should be HIV negative).
Blood tests to check kidney function, Hepatitis B & Hepatitis C status.
If you're eligible your doctor will prescribe PrEP.
Buy PrEP from a trusted pharmacist or online.
To know more, visit us at https://prep.yes4me.net/ or call us at 91-8287122191/91-8287127978
Note: Take PrEP some days before any exposure to HIV (7 before anal sex and 21 before vaginal sex).
USAID FROM THE AMERICAN PEOPLE
PEPFAR
JOHNS HOPKINS SCHOOL of MEDICINE
Accelerate
YRG CARE
THE FENWAY INSTITUTE
blue lotus


How should I take
PrEP?
You need to take PrEP everyday as prescribed.
Being irregular with PrEP will result in poor protection against HIV.
Ways to remember to take PrEP daily
Dosage boxes
Alarms
Apps
Slot into your daily routine.
To know more, visit us at https://prep.yes4me.net/or call us at 91-8287122191/91-8287127978
USAID FROM THE AMERICAN PEOPLE
PEPFAR
JOHNS HOPKINS SCHOOL of MEDICINE
Accelerate
YRG CARE
THE FENWAY INSTITUTE
blue lotus

**Maharashtra Office:** ACCELERATE YRG Care, Maharashtra State AIDS Control Society,
Ac worth Complex, R.A. Kidwai Marg, Wadala West Mumbai- 400031)

**दिल्ली कार्यालय:** सी–11 (द्वितीय तल), ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, नई दिल्ली – 110016
फोन – 0114 1750 180 | ऑनलाइन उपस्थिति – https://linktr.ee/programACCELERATE

Helpline number: 7397313873 and help@yrgcare.org
For any queries and service request, give a missed call on 9700710071